रौल नं०......................नाम...............................................................

XII-22 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2024 ई० A

# अर्थशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

**समय – 3 घण्टा 15 मिनट** **कक्षा – 12** **पूर्णांक – 100**

**निर्देश:–** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**नोट :–** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या–11 से 18 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या–19 से 24 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में और प्रश्न संख्या–25 से 27 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश**–निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

**1.** निम्न में से कौन–सा व्यष्टि अर्थशास्त्र का विषय नहीं है :– 1

(अ) उपभोक्ता का व्यवहार (ब) उत्पादक का व्यवहार
(स) राष्ट्रीय आय (द) कीमत निर्धारण।

**2.** एक उपभोक्ता की माँग को प्रभावित करती है :– 1

(अ) उपभोक्ता की आय (ब) वस्तु की कीमत
(स) बाजार में अन्य वस्तुओं की कीमतें (द) इनमें से सभी।

**3.** मुद्रास्फीति की दर के पक्ष में आय और धन रेडिस्ट्रिब्यूट्स होते हैं :– 1

(अ) पेंशनरों (ब) गरीब (स) मध्यम वर्ग (द) धनी।

**4.** जब सीमान्त उत्पाद शून्य होता है, तब कुल उत्पान होता है :– 1

(अ) न्यूनतन (ब) शून्य
(स) अधिकतम (द) इनमें से कोई नहीं।

**5.** पूर्ण प्रतियोगी बाजार में वस्तु की कीमत कौन निर्धारित करता है :– 1

(अ) उपभोक्ता (ब) उत्पादक
(स) उद्योग की माँग और आपूर्ति की शक्तियाँ (द) सरकार

**6.** भारत में कर्मचारियों हेतु महँगाई भत्ता तय करने का आधार है :– 1

(अ) राष्ट्रीय आय (ब) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(स) जीवन स्तर (द) महँगाई दर।

**7.** विदेशी क्षेत्र का अन्य नाम क्या है :– 1

(अ) बाह्य क्षेत्र (ब) उत्पादन क्षेत्र
(स) विश्व क्षेत्र (द) अ और ब दोनों।

**8.** निम्न में से किसे राष्ट्रीय आय में शमिल नहीं किया जाता :– 1

(अ) वित्तीय लेन–देन (ब) गैर कानूनी विधियाँ
(स) पुराने सामान का क्रय विक्रय (द) ये सभी।

(पृष्ठ पलटिए)

9. मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने हेतु बैंक दर :- 1

(अ) बढ़ायी जाती है (ब) घटायी जाती है

(स) स्थिर रखी जाती है (द) शून्य की जाती है।

10. खुले बाजार की क्रियाएँ किस नीति का अंग है :- 1

(अ) साख नीति (ब) प्रशुल्क नीति

(स) व्यापारिक नीति (द) प्राकृतिक संसाधन नीति।

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11. अर्थशास्त्र में 'बाजार' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया जाता है? 3

12. औसत उपयोगिता से क्या आशय है? 3

13. आगत तथा निर्गत से आप क्या समझते हैं? 3

14. पूर्ति में परिवर्तन से क्या आशय है? 3

15. सन्तुलन कीमत किसे कहते हैं? 3

16. हस्तान्तरण आय किसे कहते हैं? 3

17. दोहरे संयोग की आवश्यकता का क्या अर्थ है? 3

18. वास्तविक निवेश से क्या आशय है? 3

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

19. व्यष्टि अर्थशास्त्र तथा समष्टि अर्थशास्त्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 6

20. अल्पकालीन सीमान्त लागत वक्र U आकार का क्यों होता है? 6

21. पूर्ण प्रतियोगिता की मुख्य विशेषताएँ लिखिए। 6

22. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताएँ क्या हैं? 6

23. निम्नलिखित शब्दों की स्पष्ट व्याख्या कीजिए :- 6

(क) राष्ट्रीय आय, (2023) (ख) व्यक्तिगत आय

(ग) वास्तविक आय। (घ) स्थानान्तरित आय।

24. भुगतान संतुलन क्या होता है? भुगतान संतुलन में घाटे का मुख्य कारण क्या होता है? 6

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

25. सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम की व्याख्या कीजिए तथा इसके महत्व एवं सीमाओं को भी समझाइए। 10

अथवा

उत्पादन फलन क्या है? अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन उत्पादन फलन में भेद कीजिए।

26. कुल आय, औसत आय तथा सीमान्त आय के अर्थ को स्पष्ट कीजिए तथा इनके परस्पर सम्बन्धों को बताइए। 10

अथवा

समष्टि अर्थशास्त्र क्या है? समष्टि अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु की विवेचना कीजिए।

27. साख–सृजन प्रक्रिया क्या होती है? व्यावसायिक बैंक, अर्थव्यवस्था में किस प्रकार साख–सृजन करते हैं? विस्तार से समझाइए। 10

अथवा

बजट का अर्थ एवं विशेषताएँ लिखिए। सन्तुलन एवं मदों की प्रकृति के आधार पर बजट का वर्गीकरण कीजिए।